पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

Email Id- registrarprsu@gmail.com *Phone No. 0771-2262540*

क्रमांक / 26 / सा.प्रशा. / 2020 रायपुर, दिनांक 03 / 01 / 2020

प्रति,

संचालक,
खेल एवं युवा कल्याण विभाग,
साईंस कॉलेज परिसर,
छत्तीसगढ़ शासन, रायपुर (छ.ग.)

विषय :– स्वामी विवेकानंद, स्टेडियम कोटा, रायपुर के संचालन बाबत्।

संदर्भ :–
1. **संचालनालय, खेल एवं युवा कल्याण के पत्र क्र. / अधो / 271ए / 2015–16 / 425–ए रायपुर, दिनांक 01.07.2015**
2. **विश्वविद्यालय का पत्र क्र. 2371 / सा.प्रशा. / 2019 रायपुर, दिनांक 16 / 08 / 2019**
3. **पत्र क्र. / अधो 271ए / 2019–20 / 819 रायपुर, दिनांक 11 / 09 / 2019**

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्रों का कृपया अवलोकन करें। लेख है कि संदर्भित पत्र क्रमांक–02 के अनुसार स्वामी विवेकानंद कोटा स्टेडियम, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर की परिसम्पत्ति है। इस स्टेडियम के संचालन के लिए पूर्व में निर्धारित व्यवस्था के अनुसार 05 सदस्यों द्वारा स्टेडियम का संचालन होना है इसमें 03 सदस्यों का नाम विश्वविद्यालय की ओर से आपकी ओर प्रेषित किया गया है। शेष 02 सदस्यों का मनोनयन करने खेल एवं युवा कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ शासन समिति के गठन के लिए 15 दिवस के भीतर विश्वविद्यालय को प्रेषित किए जाने का अनुरोध किया गया था, जो कि आज पर्यन्त प्रतीक्षित है।

विश्वविद्यालय के पत्र क्रमांक 214 / वि.वि.यंत्री / 2015, दिनांक 17.07.2015 के द्वारा पूर्व में ही सूचित किया जा चुका है कि कोटा स्टेडियम में प्रस्तावित सिंथेटिक ट्रेक का संचालन एवं संधारण का व्यय (जिसमें सुरक्षा व्यय भी सम्मिलित है) का वहन छ.ग. शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा किया जाना होगा। संबंधित स्टेडियम का उपयोग एवं व्यवस्था का संचालन छ.ग. शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं विश्वविद्यालय की संयुक्त समिति के माध्यम से किया जाना होगा।

अतः 15 दिवस के भीतर 02 सदस्यों का नाम प्रेषित करने का कष्ट करें ताकि संचालन हेतु 05 सदस्यों की समिति का गठन किया जा सके।

आदेशानुसार,

2.1.20

कुलसचिव

पृ.क्र. / 27 / सा.प्रशा. / 2020 रायपुर, दिनांक 03 / 01 / 2020

प्रतिलिपिः–

1. विशेष सहायक, माननीय मंत्री, उच्च शिक्षा, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, मंत्रालय, रायपुर।
2. सचिव, उच्च शिक्षा मंत्रालय, महानदी भवन, अटल नगर, रायपुर।
3. सचिव, छ.ग. शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग मंत्रालय, अटल नगर, रायपुर।
4. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, ब्लाक सी–3, द्वितीय एवं तृतीय तल, इंद्रावती भवन, अटल नगर, रायपुर।
5. कुलपति के सचिव / कुलसचिव के निज सहायक, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर को सूचनार्थ।

O/C

उप कुलसचिव (प्रशा.)